# परीक्षक ने छात्र से बेवजह कॉपी छीनी, नहीं देने दी परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में एक कॉलेज स्टूडेंट के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ करने का आरोप लगा है। यह आरोप एक छात्र ने एक परीक्षक पर लगाया है। इसे लेकर सदर थाना प्रभारी, रांची के उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कुलपति रांची के पास पीड़ित छात्र रजी अहमद ने लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि वह राम टहल चौधरी कॉलेज का छात्र है। उसकी बीए सेमेस्टर-1 की परीक्षा चल रही थी। जिसका परीक्षा केंद्र राम लखन सिंह यादव कॉलेज कोकर में दिया गया। शुक्रवार को वह लैंगिक समानता विषय की परीक्षा दे रहा था, तभी परीक्षक राजकुमार पनिगिरी जो राम लखन सिंह यादव कॉलेज के ही हैं। वे परीक्षा देने के दौरान छात्र के पास आए और कॉपी छीन ली। इसके बाद जबरन उसे एग्जामिनेशन हॉल से बाहर निकाल दिया। छात्र पूछता रहा कि ऐसा उसके साथ क्यों हो रहा है, लेकिन कोई भी जवाब नहीं दिया गया। जब परीक्षा समाप्त हो गई तब उसे बुलाकर रोल नंबर पूछा गया और कॉपी पर लाल कलम चला दिया गया।

**आरोप : गाली गलौज देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकाला**

पीड़ित छात्र का कहना है कि उसकी कॉपी जब छीनी गई तो वह लगातार परीक्षा केंद्र के कंट्रोलर सहित अन्य वारिय अधिकारियों से मिलकर गुहार लगाता रहा लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। यहां तक की छात्र बार-बार बोलता रहा कि उसकी कोई गलती नहीं है, उसे परीक्षा देने दिया जाए लेकिन उसे गाली गलौज देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकाल दिया गया।

# 12 मई तक गर्मी से राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले कुछ दिनों से राज्य का मौसम सुहावना है। तपती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि राज्य में 12 मई तक मौसम सुहावना रहेगा। अलग-अलग हिस्सों में बारिश के साथ बादल छाये रहेंगे। इस दौरान हल्की और मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं, 14 मई से तापमान में वृद्धि के साथ ही मौसम साफ होगा। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी में अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलेगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में सबसे अधिक बारिश पंचेत में 46.4 मिमी दर्ज की गयी। इसके साथ ही सरायकेला में 39 मिमी, लोहरदगा 24.5 मिमी, गुमला 29 मिमी, धनबाद 18.5 मिमी बारिश दर्ज किया गया। रांची में इस दौरान 15 मिमी बारिश दर्ज किया गया।

# सीआइपी में बढ़ी मरीजों की संख्या, एक साल में एक लाख से अधिक रोगी पहुंचे

**4838 गंभीर मरीज हुए भर्ती, पांच की मौत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी), रांची में वर्ष 2023 में झारखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों से कुल 1,11,143 मानसिक रोगी पहुंचे। इमरजेंसी स्थिति में 4838 मरीजों को भर्ती कर इलाज किया गया। वहीं, पांच की इलाज के दौरान मौत हो गई। सीआईपी ने 2023 का रिपोर्ट शुक्रवार को जारी किया।

रिपोर्ट के अनुसार हर दिन सीआईपी में तीन सौ के करीब औसतन मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। वहीं, महीने में यह औसत आंकड़ा नौ हजार के करीब का है। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त और सितंबर में दस हजार से अधिक मानसिक रोगी सीआईपी पहुंचे थे। ओपीडी में पहुंचे 1,11,143 मरीजों में 33,070 नए मामले और 78,073 फॉलोअप केस थे। वहीं, 2024 में जनवरी से मार्च तक 27221 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे।

**महिलाओं की तुलना में तीन गुणा अधिक पुरुष हुए भर्ती :** सीआईपी में आने वाले मरीजों में पुरुषों की संख्या अधिक है। भर्ती होने वाले मरीजों में महिलाओं के मुकाबले पुरुषों का अनुपात तीन गुणा अधिक है। 2023 में कुल 4838 मानसिक रोगी भर्ती हुए जिसमें 3688 पुरुष और 1150 महिलाएं थीं। वहीं, पिछले साल भी 4332 मानसिक रोगी भर्ती हुए थे, जिसमें 3368 पुरुष और 964 महिलाएं भर्ती हुईं थीं।

**15758 बच्चे भी इलाज कराने पहुंचे :** सीआईपी में 2023 में कुल 15758 बच्चे मानसिक रोग का इलाज कराने पहुंचे थे। इसमें 10943 बच्चे और 4815 मानसिक रोग से पीड़ित बच्चों का इलाज किया गया। 253 बच्चों को भर्ती कर इलाज करने की जरूरत पड़ी थी। ऑनलाइन या कॉल के माध्यम से 830 लोगों ने मदद ली। 153 लोगों ने सुसाइड से बचने के लिए सलाह ली।

## इंटरमीडिएट में नामांकन जल्द प्रारंभ कराने की मांग

# आजसू ने रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में ताला जड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने इंटरमीडिएट में नामांकन प्रारंभ करने को लेकर शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं रांची विश्वविद्यालय के कुल सचिव के कमरे में ताला जड़ दिया। लगभग 3 घंटे चले इस तालाबंदी में छात्र आजसू के सदस्यों एवं राज्य के मैट्रिक पास छात्र-छात्राएं रांची विश्वविद्यालय के इस तानाशाही रवैया को लेकर आक्रोशित थे। छात्र आजसू के सदस्य एवं मैट्रिक पास छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



मौके पर रांची विश्वविद्यालय छात्र आजसू के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि राज्य के सभी अन्य विश्वविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखी गई है। ऐसे में सिर्फ रांची विश्वविद्यालय में इंटरमीडिएट में नामांकन बंद करने का निर्णय लिया गया है जो तानाशाही रवैया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार तक इंटरमीडिएट में नामांकन प्रारंभ करने का फैसला नहीं लिया गया तो आजसू विश्वविद्यालय में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी करेगा।

मौके पर विक्रम कुमार यादव ने कहा कि एक ही विश्वविद्यालय में दो नियम कैसे चल सकते हैं विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले किसी-किसी महाविद्यालय में इंटरमीडिएट का नामांकन प्रारंभ है। तालाबंदी कार्यक्रम में अजीत कुमार सिंह, चेतन प्रकाश, छात्र आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा,विक्रम कुमार यादव, मनजीत, प्रियांशु, राहुल कुमार, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, साहिल कुमार, रूफी परवीन, साहिल, आदित्य, आकाश, गुंचा कमर, तमन्ना और प्रवीण के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया पर श्री श्याम मंदिर में विशेष आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष उत्सव का आयोजन किया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने गर्भग्रहों के सजावट के पहले खाटू नरेश को गंगाजल शहद गुड़ चीनी गुलाब फूल दूध आदि से महास्नान कर के गुलाब के विशेष रूह इत्र से मसाज किया गया। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सर्वप्रथम प्राकृतिक पंखा डोला कर ठाकुर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद खाटू नरेश का नियमित भोग लगाकर विश्राम आरती की गई ।

# स्कूल संचालित करने का आदेश राहत भरा

**रांची।** निजी विद्यालय संगठन के मुख्य सहयोगी आलोक कुमार दूबे एवं लाल किशोर नाथ शाहदेव ने वर्तमान समय में मौसम सुहावना होने को लेकर प्री नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक स्कूल संचालित करने के सरकार के निर्णय को सही ठहराया है। उन्होंने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले दिनों राज्य के प्रभारी शिक्षा सचिव मनोज कुमार से मुलाकात कर स्कूल खोलने का अनुरोध किया था। प्रभारी शिक्षा सचिव ने संवेदनशीलता से विचार करते हुए प्री नर्सरी से लेकर आठवीं तक और पहले से चली आ रहे नौंवी से 12वीं तक की कक्षा पुनः संचालित करने का आदेश जारी कर बच्चों एवं अभिभावकों को राहत दी है।

# बीएयू की छात्रा गैंगरेप मामले में दो युवक हिरासत में, हो रही है पूछताछ

**छात्रा ने गैंगरेप से आहत होकर पांच मई को कर ली थी खुदकुशी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) की छात्रा के साथ गैंगरेप के बाद आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस की टीम जांच कर रही है। इस मामले में सदर थाना पुलिस ने गैंगरेप में शामिल दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी युवक को गुरुवार को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं।

गौरतलब हो कि बूटी मोड़ के किशुनपुर निवासी छात्रा ने गैंगरेप से आहत होकर पांच मई को खुदकुशी कर ली थी। छह मई को उसके घर के कमरे से उसका शव बरामद किया था। पुलिस को छात्रा की मां ने कमरे से एक डायरी पुलिस को सौंपी थी। जिसमें आत्महत्या के कारणों का जिक्र किया गया था। डायरी में छात्रा ने आत्महत्या करने से पूर्व छात्र आनंद मिंज समेत अन्य युवक पर सामूहिक दुष्कर्म किये जाने की बात कही है।

गौरतलब हो कि मामला संज्ञान में आने के बाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था और रांची पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये निर्देश जारी किया था। जारी निर्देश के आलोक में ही पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया। सदर डीएसपी का कहना है दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले से पर्दा उठा लिया जायेगा।

# ऊंगली पर लगी स्याही दिखाएं, मुफ्त में पायें निगम की सुविधाएं

**रांची।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए रांची नगर निगम के द्वारा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम के प्रशासक के निर्देशानुसार निगम द्वारा मतदान के दिन 25 मई को नागरिकों के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसमें मतदान करने वाले नागरिकों के लिए रांची नगर निगम क्षेत्र में कई बंदोबस्त किए गए हैं, जिनमें मतदान के बाद फ्री पार्किंग, निगम पार्क में फ्री एंट्री और सिटी बस पर निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। निःशुल्क सुविधा का फायदा उठाने के लिए नागरिकों मतदान के बाद ऊंगली पर लगी अमिट स्याही दिखानी होगी। बता दें कि यह सुविधा सिर्फ मतदान वाले दिन ही निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

# एनआइबीएम में स्नातक के बाद सरकारी नौकरी पाने की रणनीति पर सेमिनार सह सम्मान समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सर्कुलर रोड स्थित एनआईबीएम के निदेशक एम के गुप्ता ने बैंकिंग एसएससी में अंतिम रूप से चयनित युवाओं को सम्मानित किया तथा चयनित युवाओं ने वर्ष 2024 में तैयारी में जुटे संस्थान के सभी युवाओं को सफलता प्राप्त करने की रणनीति से अवगत कराया। निदेशक ने बताया कि ऑफलाइन तैयारी पर फोकस कर बेसिक क्लियर करें तथा समय प्रबंधन और ज्यादा सही प्रश्नों को हल कैसे करें और नेगेटिव मार्क से बचने की आदत डेवलप करें, सफल युवाओं ने मोबाइल तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने के लिए कहा सभी विषय का बेसिक कॉन्सेप्ट के साथ परीक्षा में पूछे गए पूर्व प्रश्नों को ज्यादा हल करें तथा ग्रुप बनाकर तथा फैकल्टी से डाउट क्लियर करें।

निदेशक ने बताया की स्नातक कर रहे तथा बीटेक किए हुए युवाओं के लिए बैंकिंग,एसएससी के लिए सेपरेट तथा कंबाइंड बैच हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में 13 तथा 17 मई से प्रारंभ की जा रही है, इच्छुक विद्यार्थी संस्थान कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

# नागरमल मोदी सेवा सदन में कार्डियक सेंटर शुरू

**रांची।** रांची के अपर बाजार स्थित नागरमल मोदी सेवा सदन में नवनिर्मित कार्डियक सेंटर का शुभारंभ वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने सपत्निक पूजन के साथ किया। इसके निर्माण में कोल इंडिया ने आर्थिक सहयोग दिया है। कार्डियक सेंटर का उद्घाटन सदन के सदस्य एवं दानदाता प्रदीप नारसरिया, सीटीवीएस (ओ.टी) का सुभाष मोदी और डीलक्स केबिन का विनोद (बिनू) ठक्कर ने किया। इसके अलावा डायलिसिस मशीन का भगवती प्रसाद भुवालका ने विधिवत उद्घाटन किया। रघुनाथ प्रसाद नोपानी वेलफेयर फंड ने इसे प्रदान किया था।

# ऐतिहासिक रामनगरी चुटिया हुई शिवमय



**रांची।** रामनगरी चुटिया शुक्रवार को पूरी तरह शिवमय हो गया। स्वर्ण रेखा घाट स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित वार्षिकोत्सव पर निकाली गई कलश यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं बहने और शिव भक्तों ने भाग लिया।

# पहले ही शो में जादूगर जे. कुमार की करिश्माई जादू ने मचाया धूम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के कचहरी रोड स्थित अटल स्मृति वेंडर मार्केट के द रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को पहले दिन विश्व प्रसिद्ध जादूगर जे जादूगर के विश्व स्तरीय इंद्रजाल शो का भव्य आगाज हुआ। शो का शुभारंभ मुख्य अतिथि चैंबर आफ कामर्स के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य मल्होत्रा विशिष्ट अतिथि फिल्म आर्ट कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद जलाल ने दीप जलाकर किया। स्थानीय जादूगर एम एस भारती ने जादुई अंदाज में सभी का स्वागत किया और जादूगर जे कुमार ने अपनी जादू से पुष्पाहार पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर श्री आदित्य मल्होत्रा, आनंद जलाल और एमएस भारती का सम्मान किया। इस दौरान पहले ही दिन अपनी जादू से लोगों का मन मोह लिया। रोजाना 4 बजे और 7 बजे से शो होंगे जबकि शनिवार और रविवार को तीन शो 1 बजे, 4 बजे और संध्या 7 बजे से दिखाए जाएंगे।

# झारखंड आंदोलनकारियों की ताकत को खंडित न होने दें : पुष्कर महतो

**आंदोलनकारी परिवारों के सदस्यों का यशस्विनी सहाय के समर्थन में मतदान का निर्णय**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बुढ़मू।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला की बैठक झारखंड आंदोलनकारी शहीद बुधवा उरांव स्मारक के समीप आबिद अंसारी एवं किशोर खंडित की अध्यक्षता में हुई। झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर अलग पहचान, रोजी रोजगार, नियोजन व सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. देने की मांग सरकार से की गई। लोकसभा चुनाव में आंदोलनकारी के परिवार के सदस्यों ने यशस्विनी सहाय के समर्थन में मतदान करने का निर्णय लिया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की ताकत व एकता को खंडित न होने दें। आंदोलनकारी मिलजुल कर लोकसभा के चुनाव में गोलबंद हो कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी जाति, पार्टी, धर्म की भावनाओं से ऊपर उठकर मतदान करें और अपनी पहचान, शक्ति एवं एकता को स्थापित करें। झारखंड अलग राज्य के मूल्य और साझा सांस्कृतिक विरासत को मिटने नहीं देना है।



केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों से ही राज्य की समृद्धि और पहचान है। केंद्रीय संयोजिका सरोजिनी कच्छप ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने वालों की स्थिति काफी दयनीय है। राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारियों की अनदेखी करती रही है। इसलिए झारखंड आंदोलनकारी अपनी स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्पेशल ड्राइव के तहत पांच वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्पाद अधिनियम, बलात्कार आदि से संबंधित आरोपी हैं। सभी को जेल भेज दिया गया है।

### दिव्यांग बच्चों ने मतदान के लिए किया प्रेरित

**रांची।** दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित कोशिश विशेष स्कूल में शुक्रवार को मतदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिव्यांग छात्रों ने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरुक किया। बच्चों को भी मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। कोशिश स्कूल की सचिव दीपा चौधरी ने बताया कि सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है।

### अधिकारी ने पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण

**रांची।** सामान्य प्रेक्षक डी.एस रमेश ने शुक्रवार को रांची लोकसभा के ओरमांझी-गोला चेक पोस्ट एवं गेतलसुद पंचायत सचिवालय स्थित पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित मतदान बूथ के बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली।

### प्रतिमा क्षतिग्रस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण : सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि बिनोद बिहारी चौक, धनबाद स्थित स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कुकृत्य झारखंड की अस्मिता और स्वाभिमान पर हमला है। इस निंदनीय घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस प्रशासन अविलंब गिरफ्तार करे।

### देसी खानपान, सब्जी और फलों की लगी प्रदर्शनी

**रांची।** देशी पारंपरिक आदिवासी खानपान व्यवस्था पर एक दिवसीय प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को होली चाइल्ड स्कूल, हेहल में हुआ। मुख्य अतिथि एम्स के डॉ सिद्धार्थ और विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ जयसवाल थे। अतिथियों का स्वागत अजम एम्बा की संचालिका अरुणा तिर्की ने किया। देसी खानपान, बीज, सब्जी और फलों की प्रदर्शनी को सराहना मिली।

### निर्दलीय प्रत्याशी को सशर्त मिली जमानत

**रांची।** अदालत ने रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को सशर्त जमानत दी है। उसको लालपुर पुलिस ने तीन मई को समाहरणालय परिसर से नामांकन भरने से पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल जाने के बाद उसने अपना नामांकन किया था। उस पर जेपीएससी परीक्षा परिणाम के विरोध में नारेबाजी तथा प्रदर्शन करने, कार्यालय का घेराव करने के लिए उकसाते हुए बैरेकेडिंग तोड़कर पुलिसकर्मियों से धक्का मुक्की करने का आरोप है। 23 नवंबर 2021 को लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### चुटिया के कई मोहल्लों में तीन घंटे बिजली ठप

**रांची।** सामलौंग चुटिया स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल के समीप शुक्रवार को केबल पंचर हो गया। इस कारण सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप रही। बाद में प्रभावित इलाकों को वैकल्पिक स्रोत से बिजली बहाल की गई। इससे प्रगृति पथ, गणपत नगर, नीचे चुटिया, बहुबाजार, कटहल टोली, सिरम टोली, स्टेशन रोड, लाल सिरम टोली, स्व एनई होरो पथ सहित आसपास के मोहल्ले करीब तीन घंटे बिजली प्रभावित रही। वहीं, नया टोली इलाके में भी लोकल फॉल्ट के कारण बिजली बंद रही। इसके अलावा शांति नगर कोकर और मणिटोला में भी फॉल्ट आने से दो घंटे बिजली बंद रही।

### झारखंड मिथिला मंच ने बांटा शर्बत

**रांची।** झारखंड मिथिला मंच ने अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार को शर्बत का वितरण किया। डा आनंद शेखर झा के नेतृत्व में राहगीरों के बीच चना एवं शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ आनंद शेखर झा, सुजीत झा, निशा झा, प्रवीण झा, संजीत झा, पंकज कुमार, रमण जी ठाकुर, निशा झा, सतीश झा, रंधीर झा, सुनील झा, सुजीत झा, चंद्रकान्त झा थे।

### सर्व ब्राम्हण समाज ने श्री परशुराम जयंती मनायी

**रांची।** सर्व ब्राम्हण समाज ने शुक्रवार को भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। मौके पर राजीव रंजन मिश्रा, हरिहर मिश्रा, कैलाश केसरी, कैलाश पारीक, गोपाल पारीक एवं सुनील गुप्ता उपस्थित थे।

### परशुराम पराक्रम के प्रतीक: ब्राम्हण महासभा

**रांची।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव चुटिया में शुक्रवार को मनाया गया। मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम जन्म से इस सृष्टि के लिए जागृत देवता के रूप में जाने जाते हैं। मौके पर मृत्युंजय कुमार झा, अंजनी झा, धनेश्वर पांडेय, विपिन पांडेय,अनिल कुमार पांडेय, अनूप कुमार पांडेय, अजय पांडेय, ललिता ओझा, सरिता वैद्य, पांडेय, रीना देवी, मीनाक्षी पांडेय, राकेश तिवारी, दिलीप कुमार पांडेय, नंदकुमार दुबे, बैजनाथ तिवारी, प्रेमचंद त्रिपाठी, सुरेंद्र भूषण शर्मा, तपन पांडेय, चंद्रकांत पांडेय, अमित पांडेय, बबन कुमार मिश्रा, रेनू पाण्डेय, ललित ओझा मौजूद थे।

### मारवाड़ी ब्राम्हण सभा ने निकाली शोभायात्रा

रांची। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शुक्रवार को मारवाड़ी ब्राम्हण सभा द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को कार्ट सराय रोड, अप्पर बाजार, गांधी चौक मे अग्रवाल सभा, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, विप्र फाउंडेशन, आदि सामाजिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। शोभा यात्रा में शामिल महिला व पुरुषों तथा 501 निशान ध्वजाधारियों को पानी, शरबत, आइसक्रीम, टॉफी चना का वितरण किया गया।

### अक्षय तृतीया से रथ यात्रा का आयोजन शुरू

**रांची।** अक्षय तृतीया तिथि के पावन दिन से रथ यात्रा का आयोजन प्रारंभ हो गया। शुक्रवार को रथ निर्माण का कार्य शुरू हो गया। रथ पूजन अनुष्ठान जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव मिथिलेश कुमार, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी एवम अन्य लोगों ने किया। इस अवसर पर न्यास समिति के प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ सहदेव, न्यास एवम मंदिर समिति के सदस्यगण, मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव रमण बोड़ा, प्रभारी निर्मल बुधिया उपस्थित थे।

### अग्रवाल युवा सभा ने स्थाई प्याऊ सेवा शुरू की

**रांची।** अग्रवाल युवा सभा, रांची की ओर से शुक्रवार को सिदो-कान्हू पार्क के समीप स्थाई प्याऊ शुरू किया गया। राहगीरों एवं आमजनों के लिए मदनलाल अग्रवाल के परिजनों ने वाटर कूलर की सुविधा प्रदान की है। संगठन से संबद्ध इकाई अग्रेसन धारा के प्रभारी मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल एवं निशान अग्रवाल को वाटर कूलर की नियमित रूप से देखरेख एवं सुविधा चालू रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### रांची के 188 हज यात्री मदीना के लिए रवाना

**रांची।** रांची से 188 हज यात्रियों का दूसरा शुक्रवार को जत्था मदीना के लिए रवाना हुआ। हज यात्री गुरुवार को ही हटिया हावड़ा ट्रेन से कोलकाता पहुंच गये थे। हज यात्री कोलकाता से दमदम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से दो विमानों से मदीना के लिए रवाना हुए। पहला विमान 109 यात्रियों को लेकर 12:25 में जद्दा के लिए उड़ान भरी जबकि दूसरा विमान 2:25 में रवाना हुआ। इस मौके पर हज यात्रियों की सेवा के लिए समाजसेवी अरसे आलम अपनी टीम के साथ दमदम हवाई अड्डा पर पहले से ही मौजूद थे। युवा झारखंड की ओर से ही हज यात्रियों के खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी।



## स्पीड न्यूज

### बूढ़ा खुखरा मंदिर में चोरी

**मांडर।** प्रखंड के बूढ़ाखुखरा खुखराशेल स्थित मंदिर में चोरों द्वारा चोरी की मामला सामने आया है। चोरी की यह घटना गुरुवार देर रात की है। शुक्रवार की सुबह जब गांव का ही एक व्यक्ति मंदिर पूजा करने पहुंचा तो उसने मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ देखा। चोरी की घटना की सूचना जब ग्रामीणों को मिली तब लोगों ने पाया कि मंदिर स्थित एक बड़ा घंटा, दान पेटी तथा मंदिर परिसर में ही गांव के टेंट हाउस का खाना बनाने का बर्तन भी रखा हुआ था, जो गायब पाया गया। घटना की जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारा मांडर थाने को लिखित तौर पर दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### कांग्रेस की पांच न्याय और गरांटी की लोगों को जानकारी दी

**अनगड़ा।** प्रखंड के नवागढ़ पंचायत के मैनी छापर गांव में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष शनिचरवा बेदिया तथा युवा अध्यक्ष एतवा बेदिया नें मतदाताओं को कांग्रेस पार्टी के मेनीफेस्टो की पांच न्याय एवं 25 गरांटी के बारे मे जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की ।

### किसान नेता का निधन,शोक की लहर

**सोनाहातू।** प्रखंड के चोगा गांव निवासी 78 वर्षीय करम सिंह महतो का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया है। 1977 लाल झंडे के बैनर राजनिति की शुरूआत किया था। किसानों , मजदूरों के हक अधिकार के संघर्ष में हमेशा तत्पर रहते थे। वर्तमान में आजसू के बुद्धिजीवी मंच के विधानसभा स्तरीय टीम में रह कर जरूरतमंदो की सेवा दे रहे थे। इनके निधन पर विधायक सुदेश महतो, जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, सुकरा मुंडा, चितरंजन महतो,श्याम महतो, अभिराम महतो, संजय महतो, दिलीप कोइरी, रूपकुमार साहू,आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र उरुगुट्टू गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा शुक्रवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व गुरुवार की शाम 325 भक्तियों ने लोटनसेवा,धुँआसी अनुष्ठान संपन्न किया। इससे बाद भक्तियों ने पंडित तापेश्वर गिरि के सानिध्य मेंदहकते अंगारों में चलकर हर हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में पश्चिम बंगाल के छऊ नृत्य टीमों द्वारा पूरी रात छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार को भोक्ताओं ने झूलन अनुष्ठान संपन्न किया। इस दौरान मेलार्थियों में पवित्र पुष्प को पाने की होड़ रही।

# मारुति मंगल धाम में अक्षय तृतीया पर हुआ धार्मिक अनुष्ठान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातु अंबा टोली गांव स्थित मारुति मंगल धाम में शुक्रवार को मारुति मंगल परिवार के द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान समारोह का आयोजन किया गया। जहां पूजा अर्चना कर प्रसाद व भंडारा का वितरण किया गया। संस्था द्वारा मारुति मंगल धाम बनाया जा जा रहा है जिसके प्रांगण में बजरंगबली की प्रतिमा का दर्शन एवं पूजन किया। जहां मारुति मंगल परिवार के सभी सदस्यों ने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर सर्वसमाज के हित और एकता के लिए कामना किया। जिसमें, महिला पुरुष, बच्चे, बड़े- बुजुर्गो सहित



लापुंग के मारुति मंगल धाम में मारुति मंगल परिवार के सदस्य।



मारुति मंगल परिवार के सदस्यों का स्वगत करते ग्रामीण।

स्थानिय लोग शामिल हुए। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि समाज के हर वर्ग, हर व्यक्ति को समाज से जोड़कर ही देश,धर्म एवं समाज का उत्थान होता है। सामाजिक एकता से ही हमारा गांव घर समाज मजबूत एवं संगठित होगा। ऐसे में समाज के लोगों को चाहिए कि वे समाज के उत्थान में आगे आए। हम सभी एकजुट होकर समाज की तरक्की के लिए आगे बढ़े। उन्होंने समाज की रक्षा के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा हमारी संस्था समाज को प्रोत्साहित करती हैं। हम सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में परोपकार की भावना से काम करते हैं। उन्होंने लोगों से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं संगठन सचिव सुमेश कुमार महतो ने कहा कि समाज में समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए।

इससे समाज के लोगों को एक साथ बैठने का अवसर मिलता है इससे समाज में एकता बढ़ती है। ज्ञात हो कि मारुति मंगल परिवार 2012 से लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमो के माध्यम से,निस्वार्थ भाव के साथ सेवा में लगा रहता है, परिवार के सदस्य बेहद अनुशासित रूप में अपने कार्यों का निर्वाहन करते हैं, साथ ही जुआ, नशा, शराब, अंधविश्वास, सड़क दुर्घटना, बाल- विवाह मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, युवाओं को शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार और खेल के प्रति प्रत्येक रविवार को गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करती है। साथ ही बच्चों एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता तथा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन सर्वसमाज में एकता हेतु मिलन समारोह एवं अन्य कई कार्यक्रमों को आयोजन करती रहती है। इसके पूर्व मारुति मंगल परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों का मारुति मंगल धाम पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके जोरदार स्वागत किया।मौके पर सचिव मदन कुमार,अमरनाथ भोक्ता,धर्मचंद महतो बाल किशोर मुंडा,अजीत कुमार निरंजन गोप ,रिकेश कुमार, अजय जोगी, संजय कुमार जितवाहन प्रजापति, मनोज महतो पवन कुमार, जन्मेजय महतो, मुनेंद्र लोहारा, एतवा उरांव, संदीप उरांव, बसंत लोहरा, सुरेश उरांव रवि बड़ाइक, दुर्गा कुमार ,नितेश कुमार, चिंतामणि सिंह मनधीरन गोप, पीतांबर गोप, मनोज उरांव, राजेंद्र राम, मनोज मिस्त्री,नीरज सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाना कांग्रेस का लक्ष्य : यशस्विनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने रांची संसदीय क्षेत्र के सोनाहातू प्रखंड के सोनाहातू बाजार में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजय बनाने का अपील किया। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पदयात्रा- जनसंपर्क कर अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है ।चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने पर हर गरीब परिवार को सालाना एक लाख रुपए दिए जाएंगे, ताकि महिला अपने परिवार का सही तरीके से भरण पोषण कर सके ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब महिलाओं को भी पुरुष के बराबरी



सोनाहातू में जनसम्पर्क करती कॉग्रेस प्रत्याशी

में लाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस सरकार आई तो केंद्र की नई सरकारी नियुक्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का होगा, आने वाले दिनों में हर सरकारी कार्यालय में आधे कर्मचारियों की संख्या महिलाओं की होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आशा दीदी, मिड डे मील, और आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन में वृद्धि करेगी। इन योजनाओं से महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक लाभ मिलेगा । महंगाई और बेरोजगारी से मुक्ति पाने के लिए एक बार इंडिया गठबंधन और रांची से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस आम जनता के हित के बारे में सोचती है। कांग्रेस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि सरकार बनने पर विभिन्न वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की जाएगी। मौके पर सोनाहातू कांग्रेस कमेटी के सदस्य और महिला कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केडी हिंदुगढ़ी चौक में हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केडी हिंदुगढ़ी चौक में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधानसभा के विधायक समरीलाल एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा रांची जिला ग्रामीण के महामंत्री सह कांके विधानसभा सह संयोजक नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने की एवम अपने अध्यक्षीय संबोधन में कार्यकताओं का आह्वाहन करते हुए चुनावी शंखनाद का आगाज किया। इस दौरान चुनावी समर में उतरने का आह्वाहन करते कहा कि राष्ट्र निर्माण एवम विकसित भारत का निर्माण करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए हमें एक बार फिर से केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है। जिससे कि देश सुरक्षित हाथों में महफूज रहते हुए विकास की एक नई गाथा लिख सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का चुनावी शंखनाद हो चुका है, ऐसे में न कोई सांसद है, ना कोई विधायक, ना ही कोई अध्यक्ष है,ना ही कोई पदाधिकारी। सभी इस महासमर के योद्धा हैं और सभी को जनसंपर्क के कार्यक्रम और मोदी जी की योजनाओं और नीतियों को घर घर पहुंचाने के



कार्य में प्राणपण से लग जाना है। हर मतदाता को घर से निकल कर बूथ पर मतदान करने हेतु प्रेरित करना है। मोदी जी के हाथों को मजबूत करने हेतु प्रचंड बहुमत से रांची लोकसभा के विजेता का ताज भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के माथे पर पहनाना है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह एवम धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में महामंत्री कार्तिक पांडे, अनिल गंझु, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष विकास चौहान, भाजपा मंडल संयोजक रामसूरत यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद झा, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, जिला पार्षद सरस्वती देवी, वरिष्ठ नेत्री किरण देवी, वरिष्ठ कार्यकर्ता जितेंद्र पांडे, भरत प्रजापति, प्रदीप ठाकुर, मनोज जायसवाल, दिलीप पासवान, रवि भूषण, इत्यादि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# होटल में छापेमारी शराब बिक्री करते संचालक धराया, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के शीतल छाया होटल में अवैध रूप से शराब की ब्रिकी की जा रही थी। सूचना मिलने पर कार्रवायी ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा छापेमारी कर 14 बोतल बियर बरामद किया गया है। सिकिदिरी ओरमांझी पथ पझरापनी स्थित ग्ररूवार रात को छापेमारी करने पुलिस पहुंची। होटल में तलासी लेने बरामद बियर को पुलिस द्वारा जब्त कर संचालक भुवनेश्वर महतो उम्र 64 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। संचालक पर धारा 272 273 290 व 47ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इसकी जानाकरी देते हुए थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी रेस्टूरेंट, होटल व ढाबे में अवैध रूप से शराब बिक्री करने नही दिया जाएगा। आगे भी इस प्रकार की कार्रवायी जारी रहेगी। दो दिन पूर्व ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा ओरमांझी के अतिथि रेस्टोरेंट में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। जिसमें रेस्टूरेंट के मैनेजर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवायी से होटलों में अवैध रूप से शराब ब्रिकी करने वालों में हड़कम मचा है।

# ग्यारह हजार वोल्ट वाली तार और खंभा अत्यंत ही जर्जर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया गांव से लेकर तरंगा गांव तक की ग्यारह हजार वोल्ट वाली तार और खंभा अत्यंत ही जर्जर अवस्था में आ चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि चालीस वर्ष पूर्व इस तार और पोल को गाड़ा गया था और इस समय से अभी तक मरम्मत नहीं होने के कारण आए दिन इससे हादसे भी हो रहे हैं। एक साल पूर्व लेपशर गांव से एक बाराती गाड़ी के ऊपर बैठा एक व्यक्ति ग्यारह हजार वोल्ट वाले तार की चपेट में आकर मर गया था। दो वर्ष पूर्व कोरेया हाई स्कूल के निकट इस तार के गिर जाने से एक व्यक्ति के दो गायों की मौत हो गई थी। अभी तो हालत यह है कि काफी नीचे झूल रहे इन तारों को ठीक करने के लिए मिस्त्री भी पोल पर चढ़ने से डरने लगे हैं। इस तार को अराम से खड़ा होकर छुवा जा सकता है। जिन खेतों से होकर ग्यारह हजार वाले तार गुजरी है वो इतने नीचे हैं कि उन खेतों के किसानों ने अपने खेतों में खेती करना भी छोड़ दिया है, ट्रेक्टर से हल चलाना खतरे से खाली नही है। कई बार ग्रामीणों ने बिजली विभाग को इन तारों को सही करने के लिए कहा लेकिन ग्रामीणों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

मोहम्मद हशीस, लोकल मिस्त्री, ने बताया आए दी यह तार टूटते रहता है जिससे कभी भी बड़ी खतरा हो सकता है। इसकी जानकारी विभाग को कई बार दे चुका हूं लेकिन अभी तक किसी का इस ओर ध्यान नहीं गया है, साथ ही मेंटनेस का समान भी नही मिलता है, किसी तरह जुगाड़ करके चला रहा हूं। अगर वारिश होते तक मरम्मत नहीं किया गया तो पूर्ण रूप से ब्रेक डाउन हो जाएगा।

## मुस्लिम, आदिवासी सहित अन्य जातियों को साथ लेकर चलूंगा : चमारा लिंडा

मांडर। प्रखंड के मुड़मा स्थित मदरसा महमूदिया इस्लामिया मेशाल के बगीचे में शुक्रवार को लोहरदगा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे विरोधी अफवाह फैला रहे कि मैं जितने के बाद भाजपा में जाऊंगा। मैं किसी भी कीमत में भाजपा में नहीं जाने वाला हूं। भाजपा देश के साथ ही इस राज्य की भी दुश्मन है। मैं मुस्लिम भाइयों से वादा करता हूं कि मैं जितने के बाद आदिवासी, मुस्लिम और अन्य जातियों को भी एक साथ लेकर चलूंगा। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी, अनवर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक

**पिठोरिया।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पिठोरिया के दुर्गा मंदिर प्रांगण में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें स्वामी दिव्यानंद महाराज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ सुमन कुमार का आगमन हुआ। पिठोरिया के गणमान्य लोगों और प्रमुख कार्यकताओं के साथ वार्ता की गई। संवाद सुनने के पश्चात यह संकल्प लिय गया कि शत प्रतिशत मतदान हो, स्वयं भी मतदान करेंगे, कोई छूट न जाए और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। साथ ही हिंदुत्व एवं राष्ट्रवादी सरकार लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इस बात को दृष्टिकोण पर रखते हुए चुनाव में हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए सभी लोग तन-मन-थन से काम करेंगे।

# श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरु

## हेंदेबिल्ली में 251 महिलाओं ने निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हेंदेबिल्ली में नवनिर्मित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलष यात्रा निकाली गई। हेंदेबिल्ली, गढ़टोली, मंदरो, सागटोली, जावाबेड़ा व कठरचुंआ सहित विभिन्न गांव की 351 महिलाओं कलष यात्रा में शामिल हुई। मंदिर परिसर से निकाली कलष यात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए गढ़तालाब जलाषय पहुंची। जहां पंडित रामेष्व दास के साथ, गया बिहार के आचार्य उमेष मिश्र गौढ़, सुबोध कुमार पांडेय, उपनित कुमार गौढ़



कलश यात्रा में शामिल अतिथि व महिलाएं।

व आदित्य कुमार गोस्वामी द्वारा मंत्रोचारण कर विधिवत कलष में जल भरवाया गया। इस दौरान महावीरी पताका लिए कलष यात्रा में शामिल भक्तो द्वारा जयहनुमान की जयकारा लगाई जा रही थी। कलष यात्रा में शामिल सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने आयोजक महायज्ञ पूजा समिति व ग्रामीणों की भक्ति व उत्साह की सरहाना की, कहा धार्मिक आयोजनों से गांव-गांव में भक्ति का संचार हो रहा है। कहा सतनातन धर्म संस्कृति में महिलाओं की भुमिका भी महत्वपूर्ण रही है। समिति के मीडिया प्रभारी किषोर भंडारी व प्रवक्ता कामेष्वर बेदिया ने बताया महायज्ञ के साथ पांच दिवसीय रामचरित्र मानस कथा का आयोजन किया गया। प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक वृंदावन धाम मथुरा की कथावाचिका पूज्य दीदी सुनीता साध्वी द्वारा संगीतमय प्रवचन की जाएगी। कलष यात्रा में प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, रणधीर चौधारी, पंसस जुलिता देवी, प्रमील उरांव, मुखिया रमेष बेदिया, समाज सेवी अजय सिंह, सत्यनारायण तिवारी, श्यामकिषोर महतो, रामबृक्ष महतो, शषि मेहता, विक्रांत तिवारी, प्रकाष महतो, महेष महली, कामेष्वर महतो, किषोर भंडार, समिति के अध्यक्ष रमेष्वर महतो, सुधीर महतो, भोलाराम भंडारी, जयप्रकाष महतो, रविंद्र पाहन, रामबृक्ष नायक, सहित क्षेत्र के समाजसेवी व जनप्रतिनिधि शामिल थें।

## संयुक्त श्रमिक संगठन के मांग पर मृतक के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र

**खलारी।** संयुक्त मोर्चा के की मांग पर मृतक के आश्रित को सीसीएल महाप्रबंधक कार्यलय में सयुक्त मोर्चा के समक्ष नियुक्ति पत्र दिया गया। बताना चाहते है कि स्व कृष्णा चौहान को कार्य के दौरान दिनांक 08मई को अचानक तबयत खराब हो गई थी। उसके बाद डकरा सेन्ट्रल अस्पताल ले जाया गया वहाँ से तत्काल सी सी एल अस्पताल गाँधी नगर भेजा गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद स्व कृष्णा चौहान के पुत्र जितेंद्र कुमार चौहान को सी सी एल एन के क्षेत्र के अधिकारियो द्वारा संयुक्त श्रमिक संगठन के समक्ष डकरा महाप्रबंधक कार्यालय मे नियुक्ति पत्र दे दिया गया। इस कार्यक्रम मे रोहनी पी ओ जितेंद्र सिंह, एस ओ पी ज्योति कुमार, कार्मिक प्रबंधक दीपक गिरी, यूनियन की ?र से मिथलेश सिंह, अमर भूषण सिंह, डी पी सिंह मामा,कृष्णा रमेश चौहान, बूटन चौहान,उपस्थित रहे।

## प्रखंड के सभी पंचायतों में की सभा की तैयारी

**अनगड़ा ।** रांची लोक सभा का चुनावी पारा अब ग्रामीण क्षेत्रों में चढ़ना शुरू हो गया है। जहां भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ और जेएलकेएम प्रत्याशी देवेन्द्र महतो के कार्यकताओं के द्वारा गहन जन-संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय के पक्ष में अनगड़ा प्रखण्ड के 21 पंचायतों में व्यापक रूप से जन संपर्क अभियान चलाने की रूप रेखा तय की गयी है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप की उपस्थिति में विभिन्न पंचायतों में अगामी 14 मई से20 मई तक विभिन्न गांवों में विशेष सभा की तैयारी की गई हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अनगड़ा प्रखड कांग्रेस कमेटी के एतवा उरांव ने बताया कि में खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप के द्वारा रांची लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजय बनाने के लिए गांव-गांव में सभा आयोजित की जाएगी कार्यक्रम में विधायक राजेश कच्छप सभी पंचायतों के ग्राम सभा में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे

## नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय



प्राण प्रतिष्ठा सह महोत्सव शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान सभी धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित सतीश की अगुवाई में बतौर यजमान बासुदेव महतो,गंदुर गोप,अनिल गोप,उमेश गोप,नंदलाल गोप, दीपक गोप,दिलीप गोप,मनोज गोप,अवध महतो,राजू,सुरेंद्र गोप, बबलू गोप, ईश्वर ,रविंद्र रमेश महतो,प्रमोद महतो, बृजेश महतो,ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप व राजकुमार गोप आदि ने पूरा किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन, आरती,रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन किया गया। साथ ही शुक्रवार को हवन व पूणार्हुति के बाद अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही इस पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवियों ने सराहनीय योगदान दिया।

## ओरमांझी में जेजे बाजार का उद्घाटन

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख ओरमांझी बाजार स्थित काली मंदिर चौक में शुक्रवार जेजे बाजार का उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व पूर्व विधायक शंकर चौधरी के द्वारा किया गया। जेजे बाजार के संचालक शत्रुधन साहू ने बताया जेजे बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के अलावे शहरी क्षेत्र के पसंद के साथ सभी प्राकर के आधुनिक वस्त्र सस्ते दर पर उपलब्ध रहेंगे। इसमें महिलाओं व युवतियों के वस्त्रों का भी विषेष संग्रह रहेगा।

# श्री मदन मोहन मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ सुंदर कांड का पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** बोड़ेया स्थित ऐतिहासिक श्री मदन मोहन मंदिर का स्थापना दिवस शुक्रवार को भव्य ढंग से मनाया गया। इस मौके पर भगवान श्री मदन मोहन स्वामी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर पंडित प्रमोहित पांडेय ने वैदिक मंत्रो से पूजा अर्चना करवाई। वहीं शाम में महाआरती की गई तथा भोग प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया। इस अवसर पर बरियातू के पवन शर्मा की भजन मंडली द्वारा श्री सुंदर कांड का पाठ तथा भजनों की प्रस्तुति की गई। इसमें बोड़ेया



अरसंडे संग्रामपुर होचर सीआईपी सहित अन्य गांवों से आए हुए भक्त शामिल हुए। मंदिर का निर्माण लक्ष्मी नारायण तिवारी ने वर्ष 1665 में वैसाख शुक्ल पक्ष तृतीया को करवाया था।

पूजा के आयोजन में अध्यक्ष सुधांशु तिवारी



सचिव मनोज तिवारी गोपाल तिवारी गोविन्द तिवारी बिरेंद्र नारायण तिवारी विनय तिवारी राकेश तिवारी सोनु तिवारी कामेश्वर तिवारी अभय नारायण तिवारी रितेश तिवारी एवं मंदिर समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

